हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 27 जुलाई 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 लगातार रूक-रूककर हो रही बारिश से जगह-जगह भरा पानी



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मो. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

## संजीवनी 108 के साथ ही महतारी 102 एंबुलेंस की भी हुई थी चोरी, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

# कबाड़ियों के हौसले इतने बुलंद कि रातों रात कट गई एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में अवैध रूप से कबाड़ का व्यवसाय करने वालों के हौसले अब इस कदर बुलंद हो गए हैं कि वे शासकीय सम्पति को भी रातों रात टुकड़ों में काटकर बेच दे रहे हैं। इस बात का खुलासा पुलिस की कार्रवाई से हुआ है। पुलिस ने एंबुलेंस चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी एंबुलेंस चालक है और उसने ही मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर से एंबुलेंस की चोरी कर उसे कबाड़ी को बेच दिया था। इससे भी बड़ी बात यह है कि आरोपी ने इसके पहले दो महतारी एक्सप्रेस की चोरी कर उसे भी कबाड़ी को बेच दिया और किसी को इसकी भनक तक नहीं लग पाई। अब पुलिस कबाड़ी आरोपी की तलाश में जुट गई है।

**खास बातें**
- कबाड़ी की तलाश में जुटी पुलिस

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल के नकिपुरिया वार्ड के समीप एंबुलेंस क्रमांक सीजी 02 6563 को खड़ी किया गया था। एम्बुलेंस का स्टेयरिंग जाम होने के कारण चालक भुनेश्वर कुमार ने वाहन को परिसर के पार्किंग में खड़ा किया था। इस दौरान 17 जुलाई को पता चला कि परिसर से एंबुलेंस गायब है। ऐसे में काफी खोजबीन के बाद कंपनी के संजीवनी 108 एम्बुलेस के जिला प्रबंधक संदीप कुमार यादव ने 22 जुलाई को मामले की शिकायत मणिपुर पुलिस से की थी। एंबुलेंस चोरी होने की खबर को हरिभूमि ने प्रकाशित किया जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया था। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच के बाद संदेह के आधार पर इब्राहिम अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। मोमिनपुरा हरसागर तालाब निवासी 32 वर्षीय इब्राहीम अंसारी आ. इस्माइल अंसारी संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत है और उसने ही एंबुलेंस की चोरी की।



पुलिस गिरफ्त में एम्बुलेंस चोरी का आरोपी।

### प्रबंधन को नहीं हुई जानकारी

इस मामले में सबसे हैरान करने वाली बात तो यह है कि चोर ने अस्पताल परिसर से महतारी एंबुलेंस की चोरी कर ली और इसकी जानकारी अस्पताल प्रबंधन और महतारी 102 का संचालन करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों को नहीं थी। कार्रवाई के दौरान जब आरोपी ने अपना जुर्म कबूल करते हुए महतारी एंबुलेंस चोरी करने की बात स्वीकार की तो इस मामले का खुलासा हुआ। ऐसे में शासकीय सम्पति को लेकर प्रबंधन और जिम्मेदार किस कदर लापरवाह हैं इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। अब जब पुलिस ने इसकी सूचना प्रबंधन को दी तो दरिमा थाने में महतारी एंबुलेंस क्रमांक सीजी 02-5628 के चोरी होने की शिकायत 25 जुलाई को दर्ज कराई है जिसमें 20 अप्रैल से 30 मई के बीच एंबुलेंस चोरी होने का हवाला दिया रहा है।

### रातों रात कट गई एंबुलेंस

अब तक की जांच में जो बात सामने आई है उसके अनुसार आरोपी इब्राहिम ने पूर्व में महतारी एंबुलेंस चोरी कर कबाड़ी को दिया था। उक्त कबाड़ी के पास बड़ी कटर मशीन है। पहले चोरी में सफलता मिलने और किसी को इसकी भनक नहीं लगने से ही दोनों के हौसले इतने बुलंद हो गए कि उन्होंने अपस्ताल परिसर से 108 एंबुलेंस ही चोरी कर लिया। चोरी की गई एंबुलेंस को आरोपी के घर के समीप ही कबाड़ी ने रात के अंधेरे में काट दिया था। फिलहाल कबाड़ी की तलाश पुलिस कर रही है।

### 40 हजार रुपए में बेची एंबुलेंस

पुलिस के अनुसार आरोपी इब्राहिम अंसारी ने एंबुलेंस को 13 जुलाई को अस्पताल परिसर से चोरी किया था और उस एंबुलेंस को उसने एक कबाड़ी को महज 40 हजार रुपए में बेच दिया था। इतना ही नहीं पुलिस ने जब आरोपी से कडाई से पूछताछ की तो उसने दरिमा से भी दो महतारी एंबुलेंस चोरी करने कि बात स्वीकार की। आरोपी ने दरिमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खड़ी महतारी एंबुलेंस की चोरी करने की बात कबूल की है। आरोपी ने महतारी एंबुलेंस को 30-35 हजार रुपए में बेचा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 5000 रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त होंडा मोटरसाइकिल, मोबाईल एवं आरोपी के निशानदेही पर एम्बुलेंस का कुछ टूटा फूटा हिस्सा जब्त किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मणिपुर अश्वनी सिंह, सउनि शौकी लाल चौहान, धीरज गुप्ता, आरक्षक सत्येंद्र दुबे, उमाशंकर साहू, अनिल सिंह, राहुल सिंह सक्रिय रहे।



# बिना ताला टूटे ही स्वामी आत्मानंद स्कूल से पार हो गया हजारों का सामान, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

विकासखंड रामानुजनगर स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भुवनेश्वरपुर में एक बार फिर चोरी की रहस्यमयी घटना सामने आई है। विद्यालय से सीपीयू, साउंड बॉक्स समेत लाखों रुपये का शैक्षणिक सामान चोरी हो गया है। स्कूल प्राचार्य की शिकायत पर रामानुजनगर थाने में मामला दर्ज किया गया है।

इस संबंध में थाना प्रभारी का कहना है कि चोरी बिना ताला तोड़े और बिना दरवाजा क्षतिग्रस्त किए की गई है। यह बात पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है और लोग घटना को सामान्य चोरी नहीं, बल्कि किसी गहरी साजिश से जोड़कर देख रहे हैं। स्कूल में चोरी की यह कोई पहली घटना नहीं है। 2022- 23 में भी स्कूल से सीसीटीवी कैमरे प्रोजेक्टर और भी कई समान रहस्यमयी तरीके से चोरी हो गए थे। तब भी कोई तोड़फोड़ सामने नहीं आई थी। अब दोबारा उसी तर्ज पर स्कूल में चोरी की घटना हुई जिससे स्कूल की सुरक्षा व्यवस्था और जिम्मेदार व्यक्तियों की भूमिका पर सवाल खड़े करता है। प्राचार्य ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन उन्होंने अपनी रिपोर्ट में यह नहीं लिखा कि ताला टूटा है या नहीं, यह जानकारी पुलिस द्वारा जांच के बाद सामने आई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्कूल के कमरों और दरवाजों का निरीक्षण किया और पाया कि न तो ताले टूटे हैं, न दरवाजे और खिड़कियों में किसी तरह की जबरदस्ती की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। थाना प्रभारी ने इसे साधारण चोरी मानने से इनकार किया है। प्राचार्य ने भी मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### नहीं टूटे है ताला व दरवाजे

स्वामी आत्मानंद स्कूल भुवनेश्वरपुर से चोरी की शिकायत मिली है। जांच के दौरान पाया गया कि स्कूल के किसी भी कमरे का ताला नहीं टूटा है और दरवाजे पूरी तरह सुरक्षित हैं। चोरी का मामला दर्ज कर हर एक पहलू से जांच की जा रही है।जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे।

- राजेंद्र साहू
थाना प्रभारी रामानुजनगर

## खबर संक्षेप

### आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा आज, उड़न दस्ता दल गठित

**अम्बिकापुर।** छग व्यापमं रायपुर द्वारा 27 जुलाई को आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की गई है। यह परीक्षा पूर्वान्ह 11 से 1.15 बजे तक जिले के कुल 38 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होगी। परीक्षा से संबंधित कार्यों के सुचारू रूप से संचालन एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु कलेक्टर सरगुजा द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। नियुक्त किए गए पर्यवेक्षक परीक्षा की गोपनीय सामग्री 27 जुलाई को जिला कोषालय अंबिकापुर के स्ट्रांग रूम से प्रातः 8 बजे तक प्राप्त करेंगे तथा परीक्षा समाप्ति के पश्चात प्राचार्य-समन्वयक राजीव गांधी पीजी कॉलेज अंबिकापुर में जमा करेंगे। परीक्षा के सफल संचालन, अनैतिक कार्यों, नकल आदि को रोकने हेतु कलेक्टर सरगुजा द्वारा उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। यह दल फर्जी परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल ना हो सके इस हेतु प्रवेश पत्र तथा उत्तर शीट में दिए गए फ़ोटो एवं हस्ताक्षर के सूक्ष्म मिलान करना आदि करेंगे। वहीं परीक्षार्थियों को परीक्षा में 2 घंटे पहले केंद्र पहुंचना अनिवार्य किया गया है। परीक्षार्थी केवल हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े और चप्पल पहनकर आ सकते है।

### प्रयास विद्यालयों में प्रवेश हेतु काउंसलिंग कल

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास द्वारा प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों की वर्गवार द्वितीय प्रतिक्षा सूची विभाग के वेबसाइट पर अपलोड है। द्वितीय प्रतीक्षा सूची में दर्शित उपरोक्त विद्यार्थी निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल में अनिवार्य दस्तावेजों सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीव्हीटीजी) बालक, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह (पीव्हीटीजी) बालिका, अनुसूचित जाति बालक-बालिका, अन्य पिछड़ा वर्ग बालक-बालिका, समान्य वर्ग बालक-बालिका, अल्प संख्यक बालक-बालिका वर्ग हेतु 28 जुलाई को प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी जिला रायपुर में समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक काउंसिलिंग आयोजित की गई है।

### शिक्षक सम्मान पुरस्कार हेतु आवेदन 30 तक

**अम्बिकापुर।** लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान स्मृति पुरस्कार 2025 के लिए शिक्षकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में आवेदन की अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। यह पुरस्कार शिक्षकों के उत्कृष्ट शैक्षिक योगदान, नवाचार, छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने हेतु प्रदान किया जाता है। आवेदन की प्रक्रिया व पात्रता के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से किया जा सकता है। पंजीकरण की तिथि 8 जुलाई से 30 जुलाई तक है। शिक्षक की न्यूनतम आयु 45 वर्ष (दिनांक 31.12.2024 तक) होनी चाहिए। सहायक शिक्षक, शिक्षक, प्रधान पाठक, व्याख्याता के लिए 15 वर्ष, प्राचार्य के लिए 20 वर्ष, एवं शिक्षाकर्मी के लिए 12 वर्ष का शिक्षण अनुभव अनिवार्य है। केवल वे शिक्षक पात्र होंगे जो विद्यालय में नियमित रूप से अध्यापनरत हैं। संविदा शिक्षक, शिक्षा मितान, अतिथि शिक्षक, बीआरसी/ सीआरसी समन्वयक, प्रशिक्षण संस्थाओं में कार्यरत शिक्षक इस पुरस्कार हेतु अयोग्य होंगे। 31 दिसंबर 2024 के पहले सेवानिवृत्त शिक्षक पात्र नहीं होंगे।

# घर पर गिरी पड़ोसी की जर्जर दीवार मलबे में दबकर मासूम की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले में बारिश का कहर जारी है। एक तरफ जहां बारिश के कारण नदी नाले उफान पर आ गए है तो वहीं दूसरी ओर भारी बारिश के कारण मकान की दीवार गिरने से एक एक ही परिवार के पांच लोग दब गए। इस घटना में एक मासूम बच्ची की मौत हो गई जबकि अन्य गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आनन फानन में रेस्क्यू कर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

- रामानुजगंज की घटना, दो बच्चों समेत चार घायल

बताया जा रहा है कि रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 13 निवासी 40 वर्षीय प्रमोद रवि पत्नी 34 वर्षीया सुनीता देवी, 10 वर्षीया बच्ची राधा, 9 वर्षीया काजल और 8 वर्षीय खुशबु के साथ रहते है। शुक्रवार की रात पूरा परिवार खाना खाने के बाद सो गया था। इस दौरान मूसलाधार बारिश के बीच भोर के 5 बजे अचानक ही प्रमोद रवि के घर में बगल में स्थित एक जर्जर दीवार धराशायी हो गई। दीवार सीधे प्रमोद रवि के घर की दीवार पर गिरी जिससे प्रमोद रवि के घर की दीवार भी धराशायी हुई। दीवार के साथ प्रमोद के घर का एक बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर मलबे में तब्दील हो गया और घर में सो रहे दम्पति व तीनों बच्चे समेत 5 लोग मिट्टी के मलबे में दब गए। अल सुबह इस घटना के बाद क्षेत्र में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों के साथ ही पुलिस की टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर दबे हुए सदस्यों को बाहर निकाला लेकिन इस घटना में 8 वर्षीया मासूम बच्ची खुशबु रवि की मौत हो गई थी जबकि शेष सभी सदस्यों को उपचार के लिए 100 बिस्तरीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर इस घटना की जानकारी मिलने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने घायलों के उचित इलाज के लिए डॉक्टर से बात की वही घायलों के इलाज के लिए हर संभव मदद देने की बात कही। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। इस घटना के बाद परिजन सदमे में है वहीं लोगों में भी रोष का माहौल है।



### जर्जर हो गई थी दीवार

प्रमोद रवि के घर पर जो दीवार गिरी वह उनके पडोसी पिंटू भुईयां की बताई जा रही है। पिंटू भुईयां के घर की दीवार भी जर्जर हो गई थी। उक्त दीवार को भी शनिवार को ढहाया जाना था लेकिन इससे पहले यह हादसा हो गया। बड़ी बात यह है कि घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाई और कड़ी मशक्कत कर मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। समय रहते किए गये प्रयास के कारण परिवार के अन्य लोगों की जान बच सकी।

# दो गुटों में विवाद ने लिया बलवा का रुप, जमकर हुई मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

दो गुटों के बीच हुए मामूली विवाद में बलवा का रूप ले लिया। विवाद पैसों की लेनदेन को लेकर हुआ था।

- आरोपियों की गिरफ्तारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

इस दौरान दोनों पक्षों ने के दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट में दोनों पक्षों को चोट आई है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है लेकिन इस मामले में अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो पाई है। बताया जा रहा है कि ग्राम गुतुरमा निवासी 29 वर्षीय अमन गुप्ता आ. स्व राजकुमार गुप्ता की मोटर पार्ट्स एवं बाइक रिपेयरिंग की दुकान है। इस दुकान में 3-4 माह पहले उलकिया निवासी दीपक पैंकरा अपनी बाइक बनवाने आया था। बाइक की हालत देख मोटर पार्ट्स की दुकान में काम करने वाले मिस्त्री ने 20 हजार खर्च बताया था। मिस्त्री द्वारा खर्च बताने के बाद दुकान संचालक अमन ने दीपक को बोला कि 12 हजार जमा करा दोगे तो बाइक की रिपेयरिंग शुरू करा दूंगा।

इस दौरान दीपक ने 5 हजार जमा कराया और बोला कि कुछ दिन में जब 7 हजार जमा करूंगा तब मेरी बाइक का काम शुरू करा देना। इसके बाद न दीपक ने पैसा जमा किया और न ही उसकी बाइक की रिपेयरिंग हुई। इस बीच 20 जुलाई को दीपक अपने कुछ दोस्तों के साथ अमन के दुकान आया और एडवांस दिया हुआ पैसा एवं बाइक को लेकर विवाद करने लगा। काफी समझाने बुझाने के बाद मामला शांत हुआ तो दीपक एवं उसके दोस्त वहां से चले गए। 24 जुलाई को दीपक फिर अपने दोस्तों के साथ मोटर पार्ट्स के दुकान में आया और विवाद करने लगा। विवाद की जानकारी मिलने के बाद अमन का भाई मिथुन गुप्ता दुकान पहुंचा था। इसी बीच अमन भी मौके पर पहुंचा जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया और दीपक ने अपने दोस्तों के साथ दोनों भाइयों की पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान भीड़ बढने पर युवक भागने लगे जिसके बाद अमन एवं उसके बड़े भाई मिथुन ने भी उनकी पिटाई कि। इस मामले में पुलिस ने अमन गुप्ता की रिपोर्ट पर दिनेश गुप्ता, राजेश गुप्ता, राजा गुप्ता, अनुक दीपक, पैंकरा, आयुष गुप्ता, जगदेव पैंकरा एवं अन्य के विरुद्ध धारा 296, 351(2), 115(2) एवं 191(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। वही अनुक रवि की रिपोर्ट पर अमन गुप्ता एवं मिथुन गुप्ता के विरुद्ध धारा 296, 351(2), 115(2), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है। इस घटना के बाद मारपीट को अंजाम देने वाले सारे आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है।



### क्षेत्रवासियों ने सौंपा ज्ञापन

सरईपारा स्थित मोटर पार्ट्स की दुकान में हुए मारपीट की घटना से डरे सहमे गुतुरमावासियों ने कानून व्यवस्था सुदृढ करने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। दिनदहाड़े दुकान में हुई मारपीट की घटना से रोषित दर्जनों की संख्या में लोग थाने पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी से चर्चा के दौरान क्षेत्र में बढ़ते अपराध को लेकर चिंता जाहिर की। इस दौरान उन्होंने बलवा जैसी घटना को अंजाम देने वालों की अतिशीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। लोगों का कहना था कि शराब के नशे में 20-25 की संख्या में पहुंचे युवकों ने जिस तरह बेखौफ होकर इस घटना को अंजाम दिया है अगर उनके विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में ये किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते है। इस संबंध में थाना प्रभारी गौरव कुमार पांडेय ने बताया कि इस घटना में संलिप्त सभी आरोपियों के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए पुलिस विधिक सलाहकारों से सलाह ले रही है ताकि उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जा सके।

# अतिक्रमणमुक्त होगा भाथूपारा तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के सैकड़ों साल पुराने भाथूपारा तालाब में पिछले कुछ वर्षों से लगातार मिट्टी, पत्थर डालकर अवैध रूप से बड़े क्षेत्रफल पर कब्जा किया गया है, जिसको लेकर वार्डवासियों ने कई बार कलेक्टर जनदर्शन और नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंप समस्या से अवगत कराया था, किंतु तालाब संरक्षण की कोई पहल नहीं हो सकी।

- अवैध कब्जे की शिकायत पर निरीक्षण करने पहुंची महापौर

वर्तमान में नगर निगम द्वारा स्वच्छता रैंकिंग में लंबी छलांग लगाने के बाद बदली परिस्थिति में वार्डवासियों ने तालाब के अस्तित्व पर आए इस गंभीर संकट को महापौर मंजूषा भगत और सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी से मिलकर अवगत कराया। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए महापौर, सभापति और एमआईसी सदस्यों ने शनिवार को वार्डवासियों के साथ तालाब का निरीक्षण किया। वार्डवासियों ने बताया कि तालाब सैकड़ों साल पुराना, प्राकृतिक और जीवित तालाब है तथा आसपास के चार वार्ड के हजारों लोगों द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों में उपयोग में लाया जाता है। तालाब भूगर्भ के जलस्तर को बनाएं रखने में मददगार है। कुछ वर्षों से अतिक्रमणकारियों द्वारा लगातार अवैध कब्जा करने के उद्देश्य से तालाब में मिट्टी पाटा जा रहा है, जिससे इसका क्षेत्रफल घट गया है। अवैध अतिक्रमण के कारण तालाब का अस्तित्व संकट में है। वार्डवासियों ने तालाब को अतिक्रमण से बचाने, पाटी गई मिट्टी को बाहर निकालने अतिक्रमणकारियों पर ठोस कार्रवाई करने का आवेदन किया। महापौर मंजूषा भगत ने मौके पर मौजूद तहसीलदार , राजस्व निरीक्षक को तालाब का सीमांकन करने निर्देशित किया, साथ ही वार्डवासियों को जल्द सीमांकन कर अवैध रूप से पाटी गई मिट्टी को बाहर कर तालाब को उसके मूल स्वरूप में विकसित करने का आश्वासन दिया। इस दौरान सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, एमआईसी सदस्य मनीष सिंह, जितेंद्र सोनी, विशाल गोस्वामी, अशोक सोनवानी, किरण साहू, सालेम केरकेट्टा, राहुल त्रिपाठी, दीपक यादव, विद्यानंद मिश्रा, अनिल तिवारी, इंदर भगत, आकाश गुप्ता, विकास गुप्ता, अभय साहू, सत्यम साहू, यदुवंश केरकेट्टा, रामसेवक साहू, उमेश किस्पोट्टा, भोला भगत, खुशबू एक्का सहित वार्डवासी एवं प्रशासनिक अमला मौजूद था।



MARK OF SPECIALIZED EXCELLENCE

किडनी और यूरीन की सभी समस्याओं का इलाज अनुभवी विशेषज्ञों के साथ
यूरोलॉजी सेवाएं:
- लेजर से पथरी का इलाज –बिना चीरे
- बिना दर्द प्रोस्टेट ऑपरेशन
- पेशाब नली की सिकुड़न का इलाज
- किडनी और मूत्राशय के कैंसर का समय पर इलाज
- छोटे चीरे से, पथरी की सुरक्षित ऑपरेशन तकनीक (PCNL)
नेफ्रोलॉजी सेवाएं
- हेमो डायलिसिस
- पमकैथ टनल्ड डायलिसिस
- सीएपीडी (पेरिटोनियल डायलिसिस)
- किडनी बायोप्सी
MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com
AdPRAYAS

खबर संक्षेप



## समस्याओं को लेकर डॉ.रमन से मिले भाजपा नेता

**अम्बिकापुर।** भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता शरद त्रिपाठी ने किसानों की खाद, बीज की समस्या को लेकर विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह से उनके निवास पर सौजन्य मुलाकात की तथा उन्हें किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। विस अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा, लुण्ड्रा के जनपद सदस्य राजेश सोनी, सरपंच राम सिंह एवं मनोहर आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने हितग्राहियों को वितरित किया चरण पादुका



**अंबिकापुर।** शासन की योजना के तहत शनिवार को तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका का वितरण किया गया। जिला लघु वनोपज सहकारी समिति मर्यादित ग्राम उदयपुर वन विभाग कार्यालय के सभागार में आयोजित चरण पादुका वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश अग्रवाल शामिल हुए और हितग्राहियों को चरण पादुका वितरित किया और शासन के योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस दौरान विधायक ने हितग्राहियों को स्वयं चरण पादुका पहनाया।

## अजय बने विकासखंड बलरामपुर के कांग्रेस संगठन प्रभारी



**अम्बिकापुर।** नगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी कांग्रेस नेता एवं जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अजय सोनी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी की सहमति से बलरामपुर विकासखंड का संगठन का प्रभारी बनाया गया इसके पूर्व में राजपुर संगठन प्रभारी के रूप में भी कार्य कर चुके।

करीब 3 दशकों से राजनीति में सक्रिय अजय सोनी युवा कांग्रेस शहरी के अध्यक्ष पद पर उत्कृष्ट कार्य करते हुए अपनी संगठनात्मक क्षमता से अपनी पहचान बनाए थे। इसके बाद में लगातार कांग्रेस पार्टी में सक्रिय रूप से कार्य करते आ रहे हैं वे एवं उनकी पत्नी भी वार्ड क्रमांक 12 से पार्षद भी रह चुकी है। उन्हें प्रदेश संगठन द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के सहमति से बलरामपुर विकासखंड का संगठन का प्रभारी बनाया गया। श्री सोनी ने कहा कि संगठन द्वारा जो जवाबदारी सौंपी गई है उसमें खरा उतरने तथा संगठन को मजबूत बनाने एवं कांग्रेस के नीति सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास रहेगा।

## करवां स्कूल में स्कूली बच्चों को साइबर फ्रॉड से बचने दी गई जानकारी



**बिश्रामपुर।** लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस प्रशासन प्रयासरत है, इसी कड़ी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह ठाकुर के निर्देश पर अरुण गुप्ता के नेतृत्व में शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल करवां में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों व शिक्षकों को सड़क सुरक्षा,साइबर फ्रॉड तथा आधुनिक डिजिटल धोखाधड़ी के प्रति सतर्क करना था,कार्यक्रम में छात्र -छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को बताया गया कि बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस या नशे की हालत में वाहन चलाना न केवल कानूनी अपराध है,बल्कि यह जानलेवा भी हो सकता है, साथ ही नवजीवन एवं सुगम सूरजपुर अभियान के तहत ट्रैफिक नियमों के पालन की अहमियत समझाई गई।चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता ने साइबर फ्रॉड से जुड़े कई उदाहरण साझा करते हुए बताया कि अनजान वीडियो कॉल को कभी न उठाएं और बैंकिंग लेन-देन में सतर्कता बेहद जरूरी है। उन्होंने मजबूत पासवर्ड रखने की सलाह देते हुए बताया कि अगर किसी भी प्रकार का साइबर धोखाधड़ी हो जाए, तो तुरंत टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करानी चाहिए।उक्त जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मन में चल रहे संकोच को सवाल-जवाब कर दूर किया एवं जानकारी हासिल की।

## रामनगर डबरीपारा में कुएं में गिरा युवक, हुई मौत

**बिश्रामपुर।** ग्राम रामनगर डबरीपारा के एक युवक की कुएं में गिरकर डूबने से मौत हो गई है बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम रामनगर डबरीपारा निवासी 21 वर्षीय लखन पिता चैतू राम गोंड शुक्रवार की रात अपने घर के कुएं में अचानक गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई।सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम किया एवं मामले को विवेचना में लिया है।

### आए दिन हो रही दुर्घटनाएं, व्यापारी और राहगीर हो रहे परेशान

# कांजी हाउस बना गोदाम, सड़कों पर आवारा मवेशियों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बात**

- नगर पंचायत मूकदर्शक, हो सकती है बड़ी दुर्घटना

नगर की सड़कें इन दिनों आवारा मवेशियों की शरण स्थली बन चुकी है। कुछ दिनों के भीतर ही नगर में आवारा मवेशियों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। मवेशी मालिकों द्वारा मवेशियों को खुला छोड़ देने से नगर के अलग-अलग क्षेत्र में मवेशियों के जमावड़ा लगा रहता है जो अब राहगीरों सहित व्यापारियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। हैरानी की बात तो यह है कि आवारा मवेशियों के लिए नगर पंचायत ने लाखो की लागत से कांजी हाउस का निर्माण कराया गया है लेकिन देख रेख अभाव में कांजी हाउस गोदाम बन चुका है। ऐसे में सड़क पर डेरा जमाए मवेशी अब वाहन चालकों के दुर्घटना का कारण बन रहे है।

नगर पंचायत के अधिकारियों की लापरवाही एवं अनदेखी के कारण नगर की प्रमुख सड़क पर आवारा मवेशियों के विचरण करने से अब सड़क गौशाला में तब्दील हो गई है। नगर पंचायत के प्रमुख मार्ग कॉलेज चौक, बस स्टैंड, बाजार, राजघराना चौक, कदमपारा चौक, थाना चौक, मंदिर चौक सहित अन्य सड़क पर बड़ी संख्या में जगह-जगह आवारा मवेशियों का झुंड 24 घंटे देखा जा सकता है। शहर के अंदर गली मोहल्लों में भी आवारा मवेशी कई बार लोगों के लिए मुसीबत बन रहे हैं। शहर के विभिन्न मार्गों को मवेशियों ने अपना बसेरा बना लिया है जो अब राहगीर सहित व्यापारियों के लिए परेशानी का कारण बन गए है। दिन के समय राहगीर किसी तरह मवेशियों से बच कर आवागमन करते है लेकिन रात के समय शहर के प्रमुख मार्गों पर मवेशियों के बैठे रहने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। मुख्य मार्ग होने के कारण रात के समय दो पहिया एवं बड़े-बड़े ट्रकों के आवागमन करने से कई बार मवेशी चपेट में आ जाते है जिससे गंभीर रूप से घायल हो जाते है तो कभी दो पहिया एवं कार सवार दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से घायल हो जाते है।



सड़क पर मवेशियों का झुंड।

**फसलों को पहुंचाते है नुकसान**

दिन हो या रात किसान इन आवारा मवेशियों से परेशान रहते है। नगर से खदेड़ने के बाद मवेशी आसपास के खेतों में पहुंच जाते है जहां फसलों को नुकसान पहुंचाते है। कई बार तो मवेशी को खुला छोड़ देने वाले पशुपालक के साथ लड़ाई झगड़े की नौबत तक आ जाती है। इन पशुओं का आतंक इतना है कि अगर एक मवेशी खेत की ओर गया तो उसके पीछे बड़ी संख्या में मवेशी खेत पहुंच जाते है और फसलों को नुकसान पहुंचाते है।

**शाम ढलते ही सड़कों पर होता है मवेशियों का झुंड**

नगर के लोगों का कहना है कि प्रतापपुर के आसपास के गांवों से लोग जानबूझकर शाम को गाय-बैलों को खुला छोड़ देते हैं, जो नगर की ओर रुख कर लेते हैं। शाम होते ही सड़कों पर मवेशियों का हुजूम दिखाई देता है। जो राहगीर के साथ व्यापारियों के लिए परेशानी का कारण बन गए है। दुकानों के सामने गोबर की बदबू से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। व्यापारी अपने नुकसान और सड़कों की दुर्दशा से त्रस्त हैं।

**कांजी हाउस बना शो पीस**

प्रतापपुर नगर पंचायत क्षेत्र में 20 लाख की लागत से बना हाईटेक कांजी हाउस और गौठान अब कबाड़खाना बन चुका है। कांजी हाउस में जहां आवारा पशुओं को रखा जाना था, वहा अब लोहा, लकड़ी और कचरे का अंबार है। ऐसे में नगर पंचायत की लापरवाही के कारण कांजी हाउस अब शो पीस बनकर रह गया है।

**मवेशियों को खदेड़ा जाएगा**

नगर में न जाने कहां से इतनी मवेशी आ जाते हैं। नगर पंचायत की ओर से कार्रवाई की जाएगी। नगर में जितने भी आवारा मवेशी है सभी को जंगल की ओर खदेड़ा जाएगा।

-यूसीप्रिया एक्का
सीएमओ नगर पंचायत

## सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ठेकेदार की इलाज के दौरान हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के रेलवे स्टेशन चौक के आगे एनएच 43 पर हुए सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल नगर पंचायत शिवनंदनपुर शांतिनगर निवासी 52 वर्षीय ठेकेदार तपन मैती का आज शनिवार को उपचार के दौरान निधन हो गया।गौरतलब है कि ठेकेदार तपन मैती बुधवार की शाम पैदल चलकर कुछ सामान खरीदने निकले थे।इस दौरान करीब 8 बजे रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर के आगे स्थित पूर्व सरगुजा सांसद स्व. मुरारी लाल सिंह के आवास के सामने तेज रफ़्तार अज्ञात वाहन चालक ने ठेकेदार को जोरदार टक्कर मार दी,यहाँ पर तेज बारिश होने, बिजली बंद रहने से अंधेरा होने व सड़क पर मोड़ होने के दौरान उक्त हादसा हो गया।सिर में गंभीर चोट लग जाने के बाद सड़क किनारे अचेत पड़े ठेकेदार तपन मैती को स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर में भर्ती कराया, प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए केस को अंबिकापुर रेफर कर दिया जहां एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। इसी बीच शनिवार की सुबह ठेकेदार तपन मैती ने अंतिम साँसे लीं।प्राप्त जानकारी अनुसार मस्तिष्क में गंभीरचोट पहुँचने से उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी।गौरतलब है कि ठेकेदार तपन मैती की सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका रहती थी, मिलनसारिता और मदद के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले तपन मैती की असामयिक मृत्यु से शिवनंदनपुर और बिश्रामपुर क्षेत्र में शोक की लहर बनी है।उनके निधन की खबर सुनकर बड़ी संख्या में लोग उनके घर पहुंचे थे।उनके परिजन की मांग है कि शीघ्र सीसीटीवी फुटेज खंगाले जाएं और अज्ञात वाहन चालक की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया जाए।इस बीच गमगीन माहौल में ठेकेदार तपन मैती का शनिवार को स्थानीय मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया।उन्हें मुख़ागनी उनके इकलौते बेटे व भाई ने मिलकर दी।



- गमगीन माहौल में शनिवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया अंतिम संस्कार

## रोपा लगाने गई महिला पर मादा भालू ने किया हमला

**बिश्रामपुर।** पहाड़गांव स्थित खेत में रोपा लगाने गई एक महिला पर भालू ने हमला कर दिया।घटना की जानकारी मिलने पर आज शनिवार को जिला पंचायत सदस्य ने पीड़िता के घर पहुंचकर स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पहाड़गांव निवासी समुद्री बाई पति रामदेव पनिका रोजाना की तरह गुरुवार को अपने खेत में रोपा लगाने गई थी,इस दौरान उसी के खेत समीप लगे कटहल के पेड़ में दो नवजात शावकों के साथ बैठी मादा भालू ने किसी खतरे को भाँपते हुए महिला ग्रामीण पर अचानक हमला कर दिया।हमले में समुद्री बाई बुरी तरह घायल हो गई है,शोर व हल्ला सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह मशक्कत कर भालू को मौके से भगाया।गंभीर रूप से घायल महिला को स्थानीय ग्रामीणों ने अंबिकापुर जिला अस्पताल ले जाकर इलाज कराया है,गौरतलब है कि पहाड़गांव का क्षेत्र पिलखा पहाड़ से सटा हुआ है जो वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास के तौर पर जाना जाता है,इस क्षेत्र में जंगली जानवरों भालू,जंगली सुअर, लंगूर, लकड़बग्घा व अन्य जानवर अक्सर विचरण किये देखे जाते हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद शनिवार को जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव समुद्री बाई के निवास पहुंचे।यहाँ पर उन्होंने महिला का कुशलक्षेम जाना और हादसे को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की,साथ ही ग्रामीणों को जंगली जानवरों से सतर्क रहने की सलाह दी। यहां से जिला पंचायत सदस्य ने सूरजपुर डीएफओ को फोन कर आहत महिला को उचित मुआवजा दिए जाने का आग्रह किया है।

## आंगनबाड़ी केंद्र में नियुक्ति नहीं मिलने पर कलेक्टर से शिकायत

**लखनपुर।** आंगनबाड़ी केंद्र के सहायिका के पदों पर की गई नियुक्ति में गड़बड़ी का आरोप लगाया गया है। आवेदनकर्ता महिलाओं ने इस मामले कि शिकायत करते हुए पात्र लोगों की नियुक्ति करने की मांग की है। बताया जा रहा है कि महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा अगस्त 2024 में विकासखंड के ग्राम अंधला के पनिकापारा, इमली गढ़ीपारा और मुड़ापारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिकाओं के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन मंगवाए गये थे। रिक्त पदों पर महिलाओं ने आवेदन किया था लेकिन अब आरोप है की चार स्थानों में से तीसरे नम्बर पर सूची में पूजा सिंह थी परन्तु परियोजना अधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र मुड़ापारा और गढ़ीपारा में नियुक्ति कर दी गई लेकिन पनिकापारा और इमलीपारा में नियुक्ति नहीं कि गई। आंगनबाड़ी सहायिका के दो पदों पर नियुक्ति नहीं होने पर पूजा सिंह ने विभाग में शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं विभाग ने पुनः वर्ष 2025 में परियोजना अधिकारी के पद पर पनिकापारा और इमलीपारा आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिकाओं कि नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है। आवेदिका पूजा सिंह ने जनदर्शन में इस गड़बड़ी की शिकायत की है।

इस संबंध में परियोजना अधिकारी असीम शुक्ला ने बताया कि चारों आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रथम और दूसरे स्थान वाले को नियुक्ति दी गई है। नियम में नहीं होने के कारण तीसरे और चौथे पात्र की नियुक्ति नहीं की गई।



## सर्पदंश से पीड़ित ग्रामीण की उपचार के दौरान गई जान

**अम्बिकापुर।** चंदौरा थाना अंतर्गत ग्राम भेड़िया भईयापारा निवासी धरम सिंह आ. दशरथ (38 वर्ष) बीती रात घर के कमरे में अपने चार बच्चों एवं पत्नी के साथ जमीन पर सो रहा था। इसी दौरान रात लगभग 11.30 बजे पैर में जहरीले सांप ने काट लिया। सांप के काट लेने पर धरम सिंह ने घटना की जानकारी परिजन को परी। परिजन उसे सीधे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबधित दी गई जानकारी

**सूरजपुर।** साधु राम विद्या मंदिर में दैनिक जीवन से शुगर और तैलीय भोजन को कम करने के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में स्वास्थ्यवर्धक जीवन शैली को बढ़ावा देना और भोजन संबंधी विकल्पों के दीर्घकालिक प्रभावों के प्रति उन्हें जागरूक करना था। इस अवसर पर एसआरपीआर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. निर्मल कुमार राजवाड़े ने छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अत्यधिक मीठा और तैलीय भोजन न केवल शरीर को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि भविष्य में यह हृदय रोग, डायबिटीज, मोटापा और अन्य कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। डॉ. राजवाड़े ने विद्यार्थियों को संतुलित भोजन, अधिक पानी पीने, नियमित व्यायाम और हेल्दी डाइट के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। कक्षा 5वीं से 12वीं तक के सभी छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की शपथ ली और अपने दैनिक जीवन में बेहतर खाद्य विकल्पों को शामिल करने का संकल्प किया। कार्यक्रम में विद्यालय के निदेशक डॉ. राहुल अग्रवाल, एसएमसी समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय, उप-प्राचार्य दिन दयाल तिवारी एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।



# बिजली कटौती से किसान परेशान

- किसानों को आर्थिक नुकसान होने का डर सता रहा
- जिला पंचायत सदस्य ने सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले में संज्ञान लेने का किया आग्रह

**बिश्रामपुर।** सिलफिली विद्युत पावर हाउस से जुड़े 25 से 30 गांव के लोग इन दिनों गहरे बिजली संकट से जूझ रहे हैं।लगातार लंबे समय तक की जा रही बिजली कटौती से किसानों में नाराजगी व्याप्त है।इस मुद्दे को लेकर जिला पंचायत सदस्य नरेन्द्र यादव ने कलेक्टर सूरजपुर को ज्ञापन सौंपते हुए सुधार हेतु शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है।

जिला पंचायत सदस्य ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि सिलफिली पावर हाउस से जुड़ा क्षेत्र मुख्य रूप से कृषि कार्य पर आधारित है।यहां के 90 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण की जनसंख्या किसान के रूप में हैं और उनकी खेती का एकमात्र सहारा बिजली से चलने वाले ट्यूबवेल हैं,लेकिन पिछले कुछ सप्ताह से बिजली की लगातार और अनियमित कटौती के कारण किसानों की फसल को काफी नुकसान हो रहा हैं।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया है कि जब ग्रामीण बिजली विभाग के अधिकारियों से संपर्क करते हैं तो उन्हें कर्मचारियों की कमी का हवाला देते हुए कोरा आश्वासन देकर वापस लौटा दिया जाता है।यह जवाब अब ग्रामीणों को अस्वीकार्य महसूस होने लगा है।उन्होंने कलेक्टर से अपील की है कि वे मामले को संज्ञान में लेकर बिजली आपूर्ति को सुचारू और नियमित कराने के लिए जरूरी निर्देश जारी करें, जिससे क्षेत्र के किसान समय पर अपने खेतों की सिंचाई कर सकें और आर्थिक नुकसान से बचा जा सके।

## मारपीट और लूटपाट के दो आरोपी धराए

**रायगढ़।** कोतरारोड़ थाना क्षेत्र में मारपीट और लूट की गंभीर वारदात में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने ग्राम रक्सापाली से धरदबोचा है। घटना में प्रयुक्त बाइक व मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। दरअसल 1 मई को रानीगुड़ा निवासी समीर दास महंत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने दो दोस्तों के साथ खरसिया बारात से लौटते वक्त पथरी नाला पुल ग्राम नंदेली के पास कुछ अज्ञात युवकों ने उनकी बाइक रोक कर हाथ मुक्के व बेल्ट से मारपीट करते हुए तीनों युवकों से तीन मोबाइल फोन व 3000 रुपये लूट लिए।

## पुलिस ने स्कूली बच्चों को साइबर अपराध, नशे से बचाव और बताए यातायात के नियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले में व्यापक तौर पर जन जागरूकता के आयोजन किए जा रहे है जिसमें थाना-चौकी प्रभारियों द्वारा शहरी सहित विभिन्न स्कूलों में जाकर छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम, यातायात नियमों की जानकारी देकर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। शनिवार को चौकी बसदेई पुलिस द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय के छात्रों से संवाद कर उन्हें यातायात सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक किया। यातायात नियमों से अवगत कराते हुए कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग जरूरी है, सड़क पर सुरक्षित आवागमन कर सुरक्षित रहने, बिना ड्राईविंग लाईसेंस के वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया गया।

नशे के दुष्परिणामों के सम्बन्ध में जागरुक कर उसके सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया। चौकी प्रभारी योगेन्द्र जायसवाल ने छात्रों बताया कि साइबर फ्रॉड वर्तमान में देश की बड़ी समस्या बनी हुई है। वर्तमान समय में काफी संख्या में लोग साइबर फ्रॉड का शिकार किसी न किसी रूप में हो रहे है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को एण्ड्रोईड फोन का सही प्रकार से इस्तेमाल करने, मेल आईडी के पासवर्ड को सही तरीके से क्रियेट करने, सोशल साइटस पर अपनी किसी भी निजी जानकारी शेयर न करने की बात कही।



वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग जरूरी है। साइबर सुरक्षा पर जोर देते हुए पुलिस ने छात्रों को अज्ञात लिंक, कॉल या ओटीपी शेयर न करने की सलाह दी। नशे से बचाव, महिला और बाल अपराध की स्थिति में तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन से संपर्क करने को कहा।

## वाहन की टक्कर से राहगीर गंभीर, निजी अस्पताल में मौत

**अम्बिकापुर।** विश्रामपुर थाना अंतर्गत शांति नगर निवासी तपन कुमार मैत्री (50 वर्ष) गत दिन 8.30 बजे पैदल रेलवे स्टेशन की ओर जा रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम करा परिजन के सुपुर्द किया है।

बेचना है
आटा चक्की
एवं धान मशीन
बेचना है
अन्नपूर्णा आटा चक्की
मणिपुर, अंबिकापुर
संपर्क करे
94060 30273, 9301608855

## धूमधाम से मनाई गई संत गहिरा गुरू की जयंती



**अम्बिकापुर।** शहर के मणिपुर वार्ड स्थित गहिरा गुरू आश्रम में संत गहिरा गुरू की जयंती गुरूवार को ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी के मुख्य आतिथ्य में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संत गहिरा गुरू के बचपन का नाम रामेश्वर कंवर था। वे रायगढ़ जिले के घने जंगलों के बीच बसे एक छोटे से गांव गहिरा में जन्मे थे। उनका जीवन सेवा, सादगी और सामाजिक उत्थान को समर्पित था। वे विशेष रूप से वनवासी समाज के उत्थान के लिए जाने जाते है, जहां उन्होंने न केवल आध्यात्मिक चेतना का प्रसार किया, बल्कि सामाजिक कुरीतियों को मिटाने के लिए भी अथक प्रयास किए। सनातन धर्म और समाज के लिए उनके द्वारा किए कार्य आज भी प्रासंगिक है। मुख्य वक्ता जनजाति गौरव युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष इंदर भगत ने कहा कि संत गहिरा गुरू ने सात वर्ष की अल्पायु से ही आध्यात्मिक ज्ञान की प्राप्ति के लिए तपस्या किया और ज्ञान प्राप्ति के पश्चात वनवासी समाज के बीच में जाकर समाज में न केवल धार्मिक और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में काम किया, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने संस्कृत विद्यालय और महाविद्यालय स्थापना की और लोगों को पढ़ना-लिखना सिखाया। आज सरगुजा संभाग का एकमात्र विश्वविद्यालय उनके नाम पर स्थापित है, जो शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मानित करता है। समारोह को पार्षद सालेम केरकेट्टा, किरण साहू, अशोक सोनवानी, विधायक प्रतिनिधि सुरेश मालिक ने संबोधित किया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का संचालन यदुवंश केरकेट्टा और रामबिहारी सिंह पैंकरा ने संबोधित किया। इस दौरान संत समाज के अनुयायी कमल राजवाड़े, गणेश पैकरा, हीरालाल, नेतराम, रामसेवक साहू, सत्यम साहू, पप्पू साहू, उमेश किस्पोट्टा, अमरनाथ साहू, बढ़हु राम यादव, भोला भगत, आश कुमार साहू, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
डॉ. अभिजीत कुमार कोहाट MD, DM (Neurology) मस्तिष्क रोग एवं नस रोग समस्याएँ
डॉ. भाविक शाह पेट एवं आंत रोग समस्याएँ
डॉ. रोशन वर्मा MD (T.B. & Respiratory Diseases) श्वास, छाती, एलर्जी एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ.आर.के.साहू MD, DM (nephrology) छ.ग. के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीरज प्रसाद MS, MCH, Neurosurgery रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरव त्रिपाठी M.D, D.M., Cardiology रायपुर के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रतीक धाबलिया MS Ortho (Mumbai),MRCS (London,UK) रायपुर के सुप्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ
तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड सेन्टर 1.5 TESLA MRI
डॉक्टर्स हाउस @ सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल - II
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
डॉ.महावीर सिंह जौहरी ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन एण्ड एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन
ब्रेन ट्यूमर, निंद की कमी, मस्तिष्क सम्बन्धी समस्या
स्पॉन्डिलाइटिस, स्पाइन की समस्या हाथ, पीठ,
जांघ या पैर में दर्द, पैर सुन्न होना
27 जुलाई 2025, माह के चौथे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें
07774222555,9425583780,9826183780,
8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### रेलवे मजदूर कांग्रेस की ब्रांच कॉउन्सिल की हुई बैठक

**बिश्रामपुर।** साउथ ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस शाखा करंजी का दो दिवसीय ब्रांच काउंसिल मीटिंग का सफल आयोजन 24 एवं 25 जुलाई को यूनियन कार्यलय बिश्रामपुर में सम्पन्न हुआ।बैठक में बतौर मुख्य अतिथि मजदूर कांग्रेस के जोनल कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण राव जबकि अध्यक्षता मजदूर कांग्रेस के केंद्रीय पदाधिकारी सहायक संयुक्त महामंत्री राजेश खोबरागड़े ने की।उक्त बैठक के दौरान पंचशील कार्यक्रम के तहत दो दर्जन से अधिक फलदार पौधे रोपित किए गए।,साथ ही करंजी शाखा के कर्मचारियों से जुड़े नौ जरुरी मांगो का पोस्टर लांच किया गया,साथ ही रेल प्रशासन से इन मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की गई है,कर्मचारियों से जुड़े नौ मांगो में यार्ड सेक्शन में काम करने वाले कीमैन का वर्क लोड ज्यादा है अतः पांच अतिरिक्त कीमैन की पोस्टिंग अविलंब किये जाने,दर्रीटोला से अंबिकापुर स्टेशन में कार्यरत स्टेनमास्टर का पेंडिंग सीआर का ओटी दिये जाने,सूरजपुर में कार्यरत ट्रैफिक असिस्टेंट को करंजी स्टेशन रोड से जाने पर यात्रा भत्ता दिये जाने, स्टेशनों में स्थित रेल्वे कॉलोनी की फेंसिंग कराये जाने,ग्रुप डी स्टॉफ का स्थानांतरण अनावश्यक रूप से न किये जाने,ओएचई कार्यालय में पानी एवं बाइक शेड की व्यवस्था किये जाने,कटोरा व बैकुंठपुर रेल्वे कॉलोनी में कोल डस्ट की समस्या का समाधान करने,रनिंग कर्मचारी के लिए करंजी अंबिकापुर एवं परसा साइडिंग को आइडेंटिफाइड सेक्शन की घोषणा कराने, बैकुंठपुर पीडब्ल्यूआई के अंतर्गत आने वाले सभी गैंग में टूल कम रेस्ट रुम का निर्माण कराने की मांगें शामिल रही,कार्यक्रम में दो प्रमुख राष्ट्रीय मुद्दे रेलवे में निजीकरण प्रथा बंद करने एवं कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम लागू किये जाने के नारे लगाए गये। बैठक में मजदूर कांग्रेस के शाखा सचिव पप्पू कुमार सिंह, अध्यक्ष मनीलाल राजवाड़े, कोषाध्यक्ष डी के पॉल,जे के जेना, अभिलास कुमार, आलोक कुमार, विनोद खलखो, मुनीब प्रसाद, धर्मेंद्र तिवारी, कृष्ण कुमार, प्यारेलाल राजवाड़े, वासुदेव प्रसाद, शक्ति प्रताप सिंह मौजूद रहे।

### विधायक के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने स्कूल में काटे केक



**प्रतापपुर।** विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते का जन्म दिवस भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों के बीच केक काटकर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण कर मनाया गया। सरस्वती शिशु मंदिर में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मानती सिंह जनभागीदारी समिति अध्यक्ष गुलाब मोहन तिवारी की उपस्थिति में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं छात्र-छात्राओं के बीच केक काटकर मनाया गया। इस दौरान वार्ड क्रमांक 8 वार्डवासियों एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं को फल एवं मिष्ठान का वितरण किया गया। इसके उपरांत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीज एवं स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक एवं स्टाफ के बीच फल वितरण किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी बीएमओ डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. महंत लाल सोनवानी, नर्सिंग ऑफिसर सुशीला बड़ा, खंड प्रशिक्षण अधिकारी हाफिज अंसारी, टीकाकरण नोडल अधिकारी राजेश वर्मा एवं स्वास्थ्य केंद्र के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। प्रधानाचार्य बालकृष्ण रवि, सुश्री काजल पांडे, श्रीमती देव कुमारी सिंह टेकाम, अंजली ठाकुर, सुष्मिता कुशवाहा, रजनी मिंज, श्रीमती सुनीता देवांगन,अवधेश पांडे, कृष्ण प्रसाद सोनी, आनंद शुक्ला, अरविंद जायसवाल, योगेंद्र सिंह, श्रीमती सीता पैकरा, श्रीमती नीलम श्रीवास्तव, लालमन पैकरा, धर्मेंद्र कुमार, नंदू कुशवाहा, विक्रम नामदेव, विकास तिवारी, अभिषेक कुशवाहा, अजय सिंह, दीपक दुबे, संतोष रजक, गुंजन सिंह देव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सरहरी विद्यालय के सामने गिरा बरगद का पेड़, बड़ी दुर्घटना टली


**पोड़मोड़।** क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से आज सुबह सरहरी विद्यालय के सामने स्थित विशाल बरगद का पेड़ धराशाई हो गया।



गनीमत था कि जिस समय पेड़ गिरा उस समय बच्चे क्लास रूम में पढ़ाई कर रहे थे नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग 10.30 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरहरी के सामने विशाल बरगद का पेड़ गिर गया जिससे विद्युत पोल सहित तार क्षतिग्रस्त हो गए है। बताया जा रहा है कि पेड़ गिरने से बड़ी दुर्घटना टल गई। जिस समय पेड़ धरासाई हुआ उस समय सभी छात्र क्लास रूम में पढ़ाई कर रहे थे। प्राचार्य श्रीमती निशा तिवारी व शिक्षक इंद्रबली कुशवाहा ने बताया कि जिस समय पेड़ गिरा उस समय सभी बच्चे क्लास रूम में पढ़ाई कर रहे थे जबकि दो बाइक पेड़ के नीचे ही खड़ी थी जो सुरक्षित है।

## निधन

### रोशन लाल अग्रवाल



**अम्बिकापुर।** शहर के नवापारा निवासी रोशनलाल अग्रवाल आ.स्व. श्रीराम अग्रवाल का गुरूवार की रात निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे तथा पिछले कुछ समय से अस्वस्थ रह रहे थे। वे मशहूर चिंतक एवं अमीरी रेखा आंदोलन के प्रणेता थे तथा लम्बे समय तक पत्रकारिता से जुड़े रहे। वे सरगुजा भाजपा के संस्थापक सदस्यों में से एक थे तथा आपात काल के दौरान लम्बे समय तक मीसाबंदी के रूप में जेल में बंद रहे। वे वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष चंद्र अग्रवाल के अग्रज एवं पशुचिकित्सक डॉ.अजय अग्रवाल के पिता थे। वे सरगुजा-रायपुर ट्रांसपोर्ट के संचालक थे। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार शंकरघाट मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्नेही एवं परिजन शामिल हुए।

## पुल के ऊपर से पानी बहने के कारण बंद रहे कई मार्ग

# लगातार बारिश से उफान पर नदी-नाले



पुल के ऊपर से बहता गलफुल्ला नदी।



घरों में घुसा पानी।



पाइप पुलिया बहने से सड़क मार्ग अवरूद्ध।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। नदी नालों में बाढ़ आने के कारण पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बह रहा है तथा आवागमन अवरूद्ध हो गया है। भारी बारिश के कारण विकासखण्ड ओड़गी के आधा दर्जन से अधिक गांव टापू बन गए हैं वहीं 2 दर्जन गांवों का एवं ब्लॉक मुख्यालय से संपर्क कट गया है। कुसमी एवं सामरी क्षेत्र में भारी वर्षा होने के कारण गलफुल्ला नदी का जलस्तर बढ़ गया है तथा कुसमी-जशपुर मार्ग स्थित पुल पर तेज रफ्तार पानी बहने के कारण आवागमन अवरूद्ध हो गया है। बारिश के कारण कनहर नदी उफान पर है तथा नदी का पानी आबादी क्षेत्र में घुस गया है।

**खास बात**

- घरों में वर्षा का पानी भरने से हुई भारी परेशानी

खाड़ी में सक्रिय लो-प्रेशर के प्रभाव से बुधवार की रात से ही लगातार वर्षा हो रही है। बारिश के कारण न केवल शहर बल्कि पूरे सरगुजा संभाग का जनजीवन प्रभावित है। बारिश से शहर के निचले इलाकों में पानी भर गया है। शहर के घुटरापारा में वर्षा का पानी घरों में भरने के कारण लोग परेशान रहे। पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को शनिवार शाम तक जूझना पड़ा। शहर के मुख्य मार्गों पर जल जमाव होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। भारी बारिश के बाद बुधवार की रात घुनघुट्टा बांध के सभी आठ गेट खोल दिए गए थे। घुनघुट्टा नदी का प्रवाह कम होने के बाद शनिवार को पांच गेट बंद कर दिए गए तीन गेट को खोलकर बांध का अतिरिक्त पानी निकाला जा रहा है। कार्यपालन यंत्री श्री निरंजन ने बताया कि बांध के दो गेट 35-35 सेमी एवं किनारे का एक गेट 10 सेमी खोला गया है। बंगाल की खाड़ी में सक्रिय लो-प्रेशर सुबह 7 बजे तक उत्तर छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड के मध्य से धीरे-धीरे पूर्वी मध्य प्रदेश की ओर अग्रसर था जिसके कारण पूरे संभागभर में अच्छी वर्षा हो रही थी। अब लो-प्रेशर आगे निकल गया है। जिसके कारण दोपहर से बारिश बंद है। हालांकि अभी भी आसमान पर घने बादल छाए हैं तथा मौसम विज्ञानी स्थानीय प्रभाव से कहीं-कहीं बारिश होने एवं रविवार से मौसम साफ होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पिछले 24 घंटे के भीतर कुसमी में सर्वाधिक 200 मिमी, सामरी में 140 मिमी, बलरामपुर में 124.3 मिमी, चांदों में 93.8 मिमी, डौरा-कोचली में 98.0 मिमी, शंकरगढ़ में 75.0 मिमी, भैयाथान में 70.3 मिमी, ओड़गी में 108 मिमी, प्रतापपुर 129 मिमी एवं अम्बिकापुर में 52.2 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

### ओड़गी के 6 गांव बने टापू

लगातार बारिश से बटंगा नदी उफान पर है तथा बिहारपुर-ओड़गी मार्ग में महुली स्थित पुल से 3 फीट ऊपर तक नदी का पानी गुरूवार से बहने के कारण आवागमन बंद हो गया है तथा बिहारपुर महुली, कोल्हुआ, अवंतिकापुर, रामगढ़, उमझर, नवाटोला, सपहा, कुबेरपुर, कांतिपुर, ठाड़पाथर, बसनारा, कैलाश नगर, छतरंग, बांक आदि का संपर्क जिला एवं ब्लॉक मुख्यालय से कट गया है। बारिश के कारण दूरस्थ ग्राम रसौकी, बैजनपाट, लुल्ह, मुण्डा, तेलाईपाट, जुड़वनिया बाढ़ के पानी से घिरकर टापू बन गए है। बाढ़ के कारण इन गांवों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। जिससे लोग अस्पताल तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। क्षेत्र में पिछले 48 घंटे से विद्युत आपूर्ति ठप है तथा क्रेडा का सोलर पावर प्लांट एवं होम लाइट लंबे समय से बंद पड़ा है। लम्बे समय से बाढ़ से घिरे होने के कारण ग्रामीण अब रोजमर्रा के सामानों की कमी से जूझ रहे हैं। बरंगा की तेज धार में ग्राम मोहरसोप में नदी किनारे निर्मित रिटर्निंग वाल गिर गई है वहीं पुल के ऊपर का हिस्सा उखड़ गया है।



### कुसमी-जशपुर मार्ग बंद, लगी वाहनों की कतार

**कुसमी।** बीती रात हुई मूसलाधार बारिश से गल्फुल्ला नदी सहित सभी नदी-नाले उफान पर हैं तथा कुसमी-जशपुर मार्ग स्थित पुल से 10 फीट ऊपर तक नदी का पानी बहने के कारण मार्ग से आवागमन बंद हो गया है तथा पुल के दोनों ओर यात्री बसों व चार पहिया वाहनों की लम्बी कतार लग गई है। वाहन चालक पुल से पानी उतरने का इंतजार कर रहे हैं। नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 11 में निवासरत लोगों के घरों में वर्षा का गंदा पानी भरने के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वार्ड में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण हर साल बरसात में वार्ड वासियों के घरों में पानी भर जाता है भारी बारिश के कारण ग्राम पंचायत घुटराडीह अंतर्गत नवाटोली का पुल टूट गया है। शनिवार को सुबह डीपाडीह में मुख्यमार्ग पर विशाल पेड़ गिरने के कारण दो घंटे तक कुसमी-अम्बिकापुर मार्ग से आवागमन अवरूद्ध रहा। सूचना पर विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ पहुंचे तहसीलदार ने पेड़ हटवाने की कार्रवाई युद्धस्तर पर शुरू करवाया। पेड़ काटने के बाद आवागमन सुचारू हुआ।

### तेज बारिश में हो रहा कटाव

**प्रतापपुर।** मूसलाधार बारिश से क्षेत्र के सभी नदी-नाले उफान पर हैं। इस दौरान मूसलाधार बारिश से बांकी नदी, महान नदी, रेड़ नदी सहित अन्य सभी नदी-नाले उफान पर हैं। खेत लबालब हो गए है। नदियों का बहाव तेज होने के कारण जगह-जगह मिट्टी का तेजी से कटाव हो रहा है। नदियों का जलस्तर पुल के निकट तक पहुंच गया है।

**घरों तक पहुंचा कनहर का पानी-** भारी बारिश से कनहर नदी उफान पर है तथा नदी का पानी घरों तक पहुंच गया है। कनहर नदी में बाढ़ आने से नदी का पानी राममंदिर-शिवमंदिर मार्ग, आमंत्रण धर्मशाला एवं नदी किनारे निवासरत घरों तक पहुंच गया है। नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण नदी का पानी वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 में भर गया है। नदी का जलस्तर बढ़ने पर घरों में पानी भरने की समस्या को देखते हुए नपा परिषद एवं प्रशासन की टीम को तैनात किया गया है।



### ट्रक की टक्कर से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस


**सीतापुर।** सड़क पार कर रहे युवक को अज्ञात ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम करते हुए ट्रक की तलाश में जुट गई है। उक्त घटना नेशनल हाईवे क्र-43 पर कदम चौक के पास की है। मिली जानकारी अनुसार नगर पंचायत के आजाद वार्ड क्र-13 निवासी 35 वर्षीय प्रेमनंद पैंकरा आ. बलशु पैंकरा सड़क पार कर सामान लेने दुकान जा रहा था। इसी दौरान पत्थलगांव की ओर जा रही तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर से युवक सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। युवक को टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक लेकर काफी तेज रफ्तार से भाग निकला। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए युवक का शव हॉस्पिटल भिजवा दिया है। ट्रक की टक्कर से हुई युवक की मौत से पूरा परिवार सदमे में है। पुलिस ने युवक को ठोकर मारकर भागने वाले ट्रक और उसके चालक की तलाश में जुटी हुई है।

## भारी बारिश से प्रशासन सतर्क, कलेक्टर ने दिए अधिकारियों को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में लगातार हो रही भारी बारिश को देखते हुए कलेक्टर एस जयवर्धन ने प्रशासन को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सीईओ जिला पंचायत, सभी एसडीएम, नगर पंचायतों के सीएमओ, ईई पीडब्ल्यूडी, ईई डब्ल्यूआरडी एवं एसडीओ ब्रिज को विशेष निगरानी रखने को कहा है।

कलेक्टर ने कहा कि बीते कुछ दिनों से जिले में लगातार बारिश हो रही है, जिससे जल स्त्रोतों एवं बांधों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। ऐसी स्थिति में किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में फील्ड स्टाफ के साथ लगातार संपर्क में रहें और किसी भी आपात स्थिति की तत्काल जानकारी दें। उन्होंने लोगों से कहा कि वे बारिश के दौरान सतर्कता बरतें और विशेषकर नदी-नालों



एवं बांधों के आसपास जाने से बचें। जल स्तर के अधिक होने की स्थिति में खतरा बढ़ सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि बारिश के कारण यातायात बाधित न हो, इसके लिए जरूरी उपाय किए जाएं ताकि आम लोगों को परेशानी न हो। जिला प्रशासन द्वारा भैयाथान विकासखंड के सिवारीपारा क्षेत्र में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण मिट्टी का बना एक बांध टूटने की कगार पर पहुंच गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पंचायत व पुलिस प्रशासन के संयुक्त प्रयास से बांध क्षेत्र में बाईपास बनाकर पानी को सुरक्षित निकासी की व्यवस्था की गई, जिससे बस्ती में जलभराव की संभावित आपदा को टाल दिया गया। साथ ही, पासल स्थित हाइड्रो पावर प्लांट के डैम के सभी 13 गेट एहतियातन खोल दिए गए हैं। इसी प्रकार, लोलकी मार्ग पर स्थित घरहरी नाला भारी बारिश के कारण उफान पर है। सुरक्षा की दृष्टि से इस मार्ग पर आवागमन फिलहाल बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने नागरिकों से वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने और अनावश्यक यात्रा से बचने की बात कही।

## तीन ग्राम पंचायतों में भूमि सर्वेक्षण प्रक्रिया नहीं हो पाई प्रारम्भ, ग्रामीण परेशान

**बिश्रामपुर।** लटोरी तहसील अंतर्गत ग्राम संजयनगर, रविन्द्रनगर और मदनपुर में विस्थापित परिवारों की जमीनों से संबंधित गंभीर त्रुटियों के चलते पुनः भूमि सर्वेक्षण की अनिवार्यता बनी हुई है।इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा विशेषज्ञ टीम और सर्वेक्षण उपकरण की मांग हेतु तीन पत्र रायपुर भेजे गए लेकिन आज तक टीम का गठन नहीं होने से क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि ग्राम संजयनगर,रविन्द्रनगर और मदनपुर में विस्थापित परिवारों की जमीनों से संबंधित गंभीर त्रुटियों के सुधार हेतु कलेक्टर सुरजपुर द्वारा तीसरी बार 29 नवंबर 2024 को राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को एक स्मरण पत्र भेजा गया है।पत्र के माध्यम से सचिव से विशेषज्ञ टीम और सर्वेक्षण उपकरण शीघ्र उपलब्ध कराने का पुनः अनुरोध किया गया था,लेकिन दुर्भाग्यवश आज तक टीम का गठन नहीं हो सका है।गौरतलब है कि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सूरजपुर के अनुसार ग्राम संजयनगर, रविन्द्रनगर और मदनपुर में विस्थापित परिवारों की भूमि रिकॉर्ड में व्यापक त्रुटियां पाई गई हैं।यहां पर कई परिवारों की भूमि गलत तरीके से दर्ज की गई है।कुछ जगहों पर सीमा निर्धारण में भ्रम की स्थिति है।पुनर्वास किए गए परिवारों को उचित भूमि आबँटन का सत्यापन भी अब तक नहीं हुआ है,इससे संबंधित अनेक शिकायतें स्थानीय प्रशासन को प्राप्त हो चुकी हैं,यह समस्या न केवल प्रशासनिक परेशानी है बल्कि ग्रामीणों की आजीविका व सामाजिक स्थायित्व के लिए भी खतरा बनी हुई है।बताया गया कि सूरजपुर जिले में अनुभवी और प्रशिक्षित सर्वेक्षकों की कमी है,साथ ही सर्वेक्षण उपकरण जैसे डिजिटल थिओडोलाइट, जीपीएस डिवाइस,मैपिंग सॉफ्टवेयर आदि भी उपलब्ध नहीं हैं।पूर्व में भेजे गए तीन पत्र के बावजूद न तो टीम आई और न ही उपकरण, यही वजह है कि अब तक प्रभावित पंचायत के लोगों को उदासीनता की वजह से परेशानी उठानी पड़ रही है।तीनों गांवों के लोगों में प्रशासनिक सुस्ती को लेकर गहरा असंतोष है। इस मुद्दे पर भाजपा नेता संदीप सरकार अपनी टीम के साथ मिलकर वर्षों से शासन-प्रशासन को अवगत करा रहे हैं, लेकिन अब तक केवल कोरा आश्वासन ही मिलता रहा है।बताया गया कि पुनः सर्वेक्षण नहीं कराया गया, तो इन त्रुटियों के कारण कानूनी विवाद बढ़ सकते हैं एवं कृषि ऋण, सरकारी योजनाएं, भूमि पट्टा योजना के लाभ लेने से ग्रामीण वंचित रह सकते हैं।

- सर्वेक्षण टीम व उपकरण के अभाव में प्रक्रिया अब भी लंबित, कलेक्टर द्वारा राज्य शासन को भेजा गया है स्मरण पत्र

## मंडल की कमेटियों में युवाओं और महिलाओं को दी जाए प्राथमिकता : सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस सरगुजा के नियुक्त प्रभारी शफी अहमद ने शनिवार को नवनियुक्त ब्लॉक प्रभारियों की एक समीक्षा बैठक पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव की उपस्थिति में की। जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित इस बैठक में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने मंडल कमेटियों के गठन में युवाओं को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता के आधार पर पार्टी के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग और महिलाओं को कमेटी में शामिल किया जाये। उन्होंने कहा कि 31 जुलाई तक मंडल कमेटियों का अनिवार्य रूप से गठन कर सेक्टर और बूथ कमेटियों पर कार्य प्रारंभ करें। बैठक में सरगुजा जिले के प्रभारी शफी अहमद ने मंडल कमेटियों के गठन के लिए 28 जुलाई को ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की बैठक बुला कार्य पूरा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि 29 जुलाई तक सरगुजा के सभी 61 मंडल कमेटियां गठित कर उसकी सूची जिला कांग्रेस कमेटी को सौंपने का लक्ष्य लेकर कार्य करना होगा। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने जानकारी दी कि पूरे प्रदेश में सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी ने मंडल अध्यक्षों की शत प्रतिशत नियुक्ति में अव्वल है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 30 सितंबर तक सरगुजा जिले में मंडल, सेक्टर और बूथ तक कमेटियों का गठन कर कार्यकर्ताओं की फौज तैयार कर ली जायेगी। बैठक में पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, हेमंत सिंह, बलराम यादव, विक्रमादित्य सिंह, श्रीमती मधु सिंह, मो इस्लामुद्दीन, डॉ लालचंद यादव, मुनेश्वर राजवाड़े, ओमप्रकाश सिंह, दुर्गेश गुप्ता, नागेश्वर यादव, श्रीमती सरिता दास, अनिल सिंह, अनूप मेहता, जमील खान उपस्थित थे।

- पूर्व डिप्टी टीएस सिंहदेव ने ली प्रभारियों की बैठक



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

